Prabhu Ratna
contest
2026

प्रभु रत्न प्रतियोगिता 2026

Hosted by SpARC Wing

प्रभु रत्न प्रतियोगिता 2024 और 2025 की शानदार सफलता के पश्चात, बापदादा एवं यज्ञ के वरिष्ठ आत्माओं के शुभ संकल्पों से हम एक बार फिर नई उमंग और उत्साह के साथ प्रभु रत्न प्रतियोगिता 2026 प्रस्तुत कर रहे हैं।

संगमयुगी सभी विशेषता-संपन्न आत्माओं के लिए यह एक सुंदर मंच है, जहाँ प्रत्येक प्रतिभागी ज्ञान, योग, धारणा और सेवा के माध्यम से स्वयं को परखते हुए अपनी छिपी हुई दिव्य प्रतिभाओं को प्रकट कर सकता है।

विभिन्न रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से हम इन विशेष “प्रभु रत्नों” को पहचानने और चमकाने का प्रयास करेंगे, जो अपनी प्रतिभा और संस्कारों से यज्ञ सेवा को और भी सुशोभित करते हैं।

प्रतियोगिता की प्रमुख श्रेणियाँ

श्रेणि 1 - प्रेरणादायी अनुभव

ईश्वरीय जीवन के ऐसे अनुभव साझा करना, जो निश्चय को दृढ़ करें और आत्मिक उन्नति की प्रेरणा दें।

श्रेणि 2 - सात्विक हास्य रस

सात्विक हास्य और मनोरंजक आध्यात्मिक प्रस्तुति, जो श्रोताओं को आनंदित करे और सकारात्मक भावनाएँ उत्पन्न करे।

श्रेणि 3
अल्प सेवाधारी – प्राप्ति भारी

एक या दो सेवाधारियों द्वारा की गई प्रभावशाली ईश्वरीय सेवा के प्रेरणादायक उदाहरणों की प्रस्तुति।

श्रेणि 4
बच्चे दिल के सच्चे (Kids Special)

छोटे बच्चों के लिए विशेष मंच, जहाँ वे अपनी आध्यात्मिक प्रतिभाएँ प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रतियोगिता का उद्देश्य

BK भाई बहनों को ज्ञान, योग, धारणा और सेवा के माध्यम से प्रेरित करना तथा उनकी प्रतिभाओं को प्रस्तुत करने के लिए एक मंच प्रदान करना ताकि वह भविष्य की सेवाओं में उपयोगी हो सके।

श्रेणि 5 - एक रस योग अनुभव

3, 4 या 5 घंटे तक एकाग्रचित्त होकर राजयोग का अभ्यास करते हुए ईश्वरीय अनुभूति और शक्तियों का अनुभव करने का अवसर।

श्रेणि 6 - आध्यात्मिक जागृति के लिए विज्ञापन

राजयोग और ईश्वरीय ज्ञान से जिज्ञासुओं को परिचित कराने तथा उन्हें सेवा केंद्र से जोड़ने हेतु रचनात्मक वीडियो प्रस्तुति।

श्रेणि 7 - करके दिखाएँ (DIY – Do It Yourself)

रचनात्मक प्रतिभा की श्रेणी, जिसमें प्रतिभागी अपनी कला, हुनर और आध्यात्मिक कृतियों को प्रदर्शित कर सकते हैं।

श्रेणि 8 - यज्ञ इतिहास क्विज

यज्ञ के इतिहास से संबंधित ज्ञान को बढ़ाने हेतु ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता, जो ऑनलाइन मीटिंग के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता के मुख्य बिंदु

- **कौन भाग ले सकता है?**

  यह सभी बीके भाई-बहनों के लिए एक विशेष अवसर है, जहाँ बिना किसी शैक्षणिक योग्यता के भी हर कोई अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर सकता है।

- **कितनी श्रेणियों में भाग ले सकते हैं?**

  आप एक से अधिक श्रेणियों में भाग ले सकते हैं। (प्रत्येक श्रेणी के लिए अलग फॉर्म भरना होगा)

- **कौन सा आयु वर्ग भाग ले सकता है?**

  कोई आयु की सीमा नहीं है।
  सभी उम्र के भाई-बहन भाग ले सकते हैं।

- **कंप्यूटर तथा अन्य तकनीकी ज्ञान**

  कोई बात नहीं।
  आपकी सेवा केंद्र में कोई भी भाई अथवा बहन आपकी वीडियो बनाने तथा उसे सबमिट करने में मदद कर सकता है।

- **नियम व शर्तें**

  प्रत्येक श्रेणी के विस्तृत नियम
  prabhuratna.com पर उपलब्ध हैं।
  कृपया भाग लेने से पहले उन्हें ध्यान से पढ़ें और अपनी प्रस्तुति तैयार करें।

प्रतियोगिता की अवधि

1 मई से 15 जुलाई 2026

परिणाम घोषित होने की तिथि

15 अगस्त 2026

मूल्यांकन प्रक्रिया

प्रत्येक श्रेणी के लिए मूल्यांकन 100 अंकों का रहेगा।
प्राप्त स्कोर prabhuratna.com पर देखे जा सकते हैं।

पुरस्कार

- एकरस योग श्रेणी के प्रतिभागी द्वारा उत्तीर्ण किए गए उच्चतम स्तर के लिए पुरस्कृत किए जाएंगे
- एकरस योग को छोड़कर सभी श्रेणियों में शीर्ष पाँच विजेता
- गोल्डन सेंटर पुरस्कार
- डायमंड सेंटर पुरस्कार

पुरस्कार वितरण समारोह

स्थान : आबू रोड

सृजनशीलता का उत्सव..
विशेषताओं का सम्मान..

पोर्टल पर जाने के लिए क्लिक करें

** For Best Results Use Adobe PDF Reader App.
Avoid too many PDF apps installation on your mobile device

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

फोन : 8668472975

ईमेल : prabhuratna26@gmail.com